# भाजपा सरकार ने प्रदेश की जनता को एक ऐतिहासिक बजट दिया : गुप्ता

■ बजट में वरिष्ठ नागरिकों को किराये में छूट का प्रतिशत 30 से बढ़ाकर 50 प्रतिशत किया गया

**भरतपुर** (निस)। राजस्थान में भाजपा सरकार द्वारा पारित जनकल्याणकारी बहुआयामी बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष गिरधारी लाल गुप्ता ने कहा है कि राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश की जनता को एक एतिहासिक बजट दिया है। बजट में हर वर्ग का ध्यान रखते हुए उनकी मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति व आधुनिकीकरण पर जोर देते हुए उनके चहुँमुखी विकास के लिए बजट दिया है। प्रदेश में मातृशक्ति प्रोत्साहन के लिए लाड़ो प्रोत्साहन योजना के तहत 10 लाख रुपये का सेविंग बाण्ड देने का प्रस्ताव दिया है। मातृशक्ति को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए रेसिडेशियल गर्ल्स स्पोर्टस इण्स्टीटयूट की स्थापना करने के लिए 25-25 करोड़ देने का प्रस्ताव दिया है। मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना में आईपीडी के साथ - साथ डे केयर प्रौसीजर हेतु बजट दिया है। गरीब जरुरतमंदों को पेंशन देने हेतु 1 हजार 800 करोड़ का बजट दिया है। मुख्यमंत्री विश्वकर्मा पेंशन योजना के तहत प्रदेश मे रहने वाले मजदूर को मात्र 60 से 100 रुपये प्रतिमाह प्रीमियम देने पर 60 वर्ष की उम्र पूर्ण करने पर 2000 रुपये मासिक पेंशन दिये जाने का प्रस्ताव देकर उन्हें आर्थिक रुप से मजबूती प्रदान की है।

वरिष्ठ नागरिकों को किराये में छूट का प्रतिशत 30 से बढ़ाकर 50 प्रतिशत किया गया है। पुलिस आधुनिकीकरण हेतु 200 करोड़ का बजट देकर प्रदेश की सुरक्षा में बहुत बड़ा कदम उठाया है। प्रदेश में आस्था के केन्द्र 20 प्रमुख मंन्दिरों के विकास के लिए 300 करोड़ रुपये का बजट दिया है। 5 लाख से अधिक घरों पर सोलर प्लाण्ट लगाकर उन्हें 300 यूनिट बिजली मुफत देकर प्रदेश की जनता को राहत प्रदान की है। कृषि विकास के क्षेत्र में राजस्थान एग्रीकल्चर इन्फरा मिशन को शुरु कर 2 हजार करोड़ रुपये का प्रस्ताव रखा है। युवाओं को रोजगार की दिशा में नई युवा नीती लाई जायेगी जिसके तहत 10 लाख से अधिक रोजगार उपलब्ध करवाये जायेगें। ईआरसीपी योजना में 37 हजार 250 करोड़ की राशि को बढ़ाकर 45 हजार करोड़ कर पानी की बहुत बड़ी समस्या को हल किया है। राज्य के तीन इंजीनियरिंग कॉलेज (भरतपुर, बीकानेर और अजमेर) को राजस्थान इंस्टीटयूट ऑफ टैक्नोलॉजी के रुप में विकसित करने हेतु 300 करोड़ का बजट का प्रावधान किया है। प्रदेश में 20 नये आईटीआई कॉलेज खोले जायेगें। भरतपुर से अलवर मार्ग जोकि 2 लेन था उसे 4 लेन मे परिवर्तित करने हेतु बजट देकर सराहनीय कार्य किया है। भरतपुर जिले में बृज क्षेत्रीय विकास बोर्ड के गठन की घोषणा करते हुए बृज के विकास के लिए 50 करोड़ का बजट स्वीकृत किया है। राजस्थान के बजट में गरीब, मजदूर, किसान, युवा, महिला व बालिका, विद्यार्थी आदि सभी के जीवन में बदलाव लाने के लिए एक एतिहासिक बजट दिया है।

## बजट को प्रदेश में खुशहाली लाने वाला बताया

**भरतपुर** (निस)। भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय पर राजस्थान सरकार के बजट को लेकर जिलाध्यक्ष मनोज भारद्वाज के नेतृत्व में चर्चा की गयी तथा भजनलाल सरकार के प्रथम बजट को काफी सराहा गया।

भारद्वाज द्वारा कहां गया कि उक्त बजट में युवाओं को चार लाख नौकरी देने के लिये मुख्यमंत्री की बजट धोषणा से युवाओं में काफी उत्साह है तथा अब उन्हें अपना उज्जवल भविष्य नजर आने लगा है तथा आगे कहां कि यह बजट प्रदेश में खुशहाली आने वाला तथा राजस्थान के इतिहास में ऐतिहासिक बजट है। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष श्याम सुन्दर गौड द्वारा कहां गया कि राजस्थान सरकार द्वारा भरतपुर को लेकर जो घोषणा की गयी है वह कायाकल्प करने वाली है। भरतपुर संभाग स्तर पर सबसे विकसित सभाग के रूप में उभरेगा। इस मौके पर भाजपा नेता डॉ सुरेश यादव ने राजस्थान सरकार के बजट 2024 पर अपने विचार व्यक्त किए।

## स्थापना दिवस पर पौधे रोपे

**गंगापुर सिटी**। बुधवार को भारत विकास परिषद के स्थापना दिवस पर के उपलक्ष में शाखा कुशालगढ द्वारा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गंगापुर सिटी के ग्राउंड में वृक्षारोपण किया गया जिसमें परिषद के सदस्यों द्वारा छायादार एवं फलदार 3० पौधे लगाए गए। शाखा सचिव आनंद पैगोरया ने बताया कि 11 पेडों पर ट्री गार्ड लगाए गए और सभी पौधों की देखभाल पूर्ण रूपेण की जावेगी। आज पौधे लगाने में प्रांतीय पदाधिकारी श्रीमती श्वेता शर्मा, वेद प्रकाश शर्मा, सुरेंद्र कुमार मित्तल, लक्ष्मी नारायण गोयल, शाखा अध्यक्ष विष्णु अग्रसेन, सचिन आनंद, कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश, मुकुल, जगदीश हेमनानी ,सतीश धर्म कांटा गोविंद रिटायर्ड डीईईओ , सुरेश, आकाश पीलोदा, लक्ष्मी नारायण, विजय कुमार मित्तल, जीतू सर्राफ, कपिल गौतम, विष्णु खूटामार, संजना मित्तल ,नरेंद्र नरवाल एवं अन्य सदस्यों का भी सहयोग रहा।

## कैंसर जांच शिविर 14 को

**गंगापुर सिटी**। भगवान महावीर कैंसर हॉस्पिटल जयपुर एवं लायंस क्लब गंगापुर सिटी गरिमा के संयुक्त तत्वाधान में निशुल्क कैंसर जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। लायंस क्लब गरिमा अध्यक्ष पंकज गुप्ता ने बताया14 जुलाई रविवार को सुबह 9 से 2 तक रविवार को ओसवाल मेडिकल स्टोर किरण पैलेस के सामने किया जा रहा है जिसमें कैंसर की निशुल्क जांच एवं जनता को जागरूक करने का कार्य किया जावेगा। डॉक्टर के परामर्श अनुसार मैमोग्राफी (स्तन की जांच हेतु), टेप स्मीयर टेस्ट (गर्भाशय जांच हेतु), सी ए 125 (ओवरी जांच हेतु) एवं आवश्यकता अनुसार अन्य रक्त परीक्षण भी किए जाएंगे। आज शिविर के पोस्टर का विमोचन सीएमएचओ ऑफिस गंगापुर सिटी में सीएमएचओ बत्ती लालमीना एवं लायंस क्लब गरिमा के सदस्यों द्वारा किया गया। विमोचन के पश्चात सीएमएचओ बत्ती लाल मीणा ने बतायाजिस व्यक्ति को निम्न प्रकार के लक्षण हो वह प्राथमिक जांच अवश्य करवाए।

**पश्चिम मध्य रेल**

ई.निविदा सूचना सिविल इंजीनियरिंग

संख्या–डब्ल्यू/623/15 दिनांक–08.07.2024

भारतसंघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से वरिष्ठ मंण्डल इंजीनियर समन्वय, पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा निम्नलिखित कार्यों के लिए खुली ई.निविदा आमंत्रित करते है। **टेंडर संख्याः** 108/2024, **कार्य का विवरणः** कोटा ड़िविजनः–सवाई माघोपुर : प्रोविजन ऑफ 8 व्हीलर टावर वैगन शेड इन सवाई माघोपुर, **अनुमानित लागतः** 5462995.59, **बयाना लागतः** 109300.00, **टेंडर संख्याः** 109/2024, **कार्य का विवरणः** कोटा ड़िविजनः–इम्प्रूमेंट टू रोड़ इन्फास्ट्रेक्चर इन वेरियस कालोनिज रोड़ ऑफ कोटा ड़िविजन, **अनुमानित लागतः** 12102556.24, **बयाना लागतः** 210500.00, **टेंडर संख्याः** 110/2024, **कार्य का विवरणः** कोटा : मेंन्टेनेन्स ऑफ लॉन इन ओल्ड़ टीए केम्पस एट कोटा, **अनुमानित लागतः** 10790188.77, **बयाना लागतः** 204000.00, **टेंडर संख्याः** 111/2024, **कार्य का विवरणः** कोटा ड़िविजन :– इम्प्रूमेंट टू रोड़ इन्फास्ट्रेक्चर इन वेरियस कॉलोनिज रोड़ अण्ड़र ड़ीईएन/नोर्थ सेक्शन, (गंगापुर सिटी, फतेहसिंहपुरा, जाजनपट्टी, भरतपुर एण्ड मलरना, बयाना), **अनुमानित लागतः** 11989140.01, **बयाना लागतः** 210000.00, **टेंडर संख्याः** 112/2024, **कार्य का विवरणः** ड़ीईएन/सेन्ट्रल सेक्शन – मिसलेनियस पी. वे रिपेयरस एण्ड मेंटेनेंस ऑफ ट्रेक वर्क अण्डर एडीएन/सी/कोटा, **अनुमानित लागतः** 7287714.13, **बयाना लागतः** 145800.00, **टेंडर संख्याः** 113/2024, **कार्य का विवरणः** कोटा–चित्तौड़ सेक्शन :– गैंग चाल न0, 8 एट कि.मी. 48 – सप्लाई ऑफ 5000 लीटर क्लीन पोटेवल वाटर पर ड़े फॉर ए पीरियड़ 3 ईयर, **अनुमानित लागतः** 4380000.00, **बयाना लागतः** 8800.00, **टेंडर संख्याः** 114/2024, **कार्य का विवरणः** ड़ीईएन/सेन्ट्रल एण्ड़ ड़ीईएन/नार्थ जूरिस्डिक्शन – सप्लाई, इन्सटालेशन एण्ड़ कमीशनिंग ऑफ ट्रेक बेस्ड़ रेल गेज फेस लुबरिकेटर (इलेक्ट्रोनिक्स टाइप)–31 नम्बर्स, **अनुमानित लागतः** 42102450.00, **बयाना लागतः** 360500.00, **टेंडर संख्याः** 115/2024आर, **कार्य का विवरणः** कोटा – मथुरा सेक्शन :– रिपलेस्मेंट ओल्ड़ आरसीसी/स्टोन स्लेव विद आरसीसी बॉक्स/स्लेव एट ब्रिज न0: 256अप, 257अप, 274अप, 287अप, 292अप, 302अप, 303अप एण्ड़ 316अण्डर दि जूरिस्डिक्शन ऑफ एडीईएन–सवाई माधोपुर, **अनुमानित लागतः** 28043675.85, **बयाना लागतः** 290200.00, **टेंडर संख्याः** 116/2024, **कार्य का विवरणः** नागदा – कोटा सेक्शन : टीआरआर (पी) – 5.059 कि.मी., **अनुमानित लागतः** 3023225.13, **बयाना लागतः** 60500.00, **टेंडर संख्याः** 117/2024, **कार्य का विवरणः** वेलेंस वर्क ऑफ एडीईएन शामगढ़ सेक्शन :क्लीनिंग ऑफ ड़ग वेल, इन्सपेंक्शन चेम्बर्स, एण्ड़ जंगल वलियरेंस इन कॉलोनी, प्लेटफॉर्म, सर्विस बिल्ड़िग, **अनुमानित लागतः** 2096725.97, **बयाना लागतः** 41900.00, **टेंडर संख्याः** 118/2024, **कार्य का विवरणः** सिनियर ड़ीईएन/साउथ एण्ड़ सिनियर ड़ीईएन/ईस्ट एस जूरिस्डिक्शन – सप्लाई, इन्सटालेशन एण्ड़ कमीशनिंग ऑफ ट्रेक बेस्ड़ रेल गेज फेस लुबरिकेटर (इलेक्ट्रोनिक्स टाइप)– 20 नम्बर्स, **अनुमानित लागतः** 27188136.00, **बयाना लागतः** 286000.00, **टेंडर संख्याः** 119/2024, **कार्य का विवरणः** सिनियर ड़ीईएन (साउथ) कोटा सेक्शन – बैंल्ड़िग ऑफ 60 केजी–52 केजी 90 यूटीएस एण्ड़ आर–260 रेल्स इन–सिटू विद सिंगल शॉट कूसिब्ल फिटेड़ एण्ड़ सप्लाई ऑफ एटी वेल्ड़ पोंसनस इन कनेक्शन विद वेरियस सैगंक्शन्ड़ ट्रेक वर्कस, **अनुमानित लागतः** 9218236.62, **बयाना लागतः** 184400.00, **टेंडर संख्याः** 120/2024, **कार्य का विवरणः** सिनियर ड़ीईएन (ईस्ट) एस कोटा सेक्शन – बैंल्ड़िग ऑफ 60 केजी–52 केजी 90 यूटीएस एण्ड़ आर–260 रेल्स इन–सिटू विद सिंगल शॉट कूसिब्ल फिटेड़ एण्ड़ सप्लाई ऑफ एटी वेल्ड़ पोंसनस इन कनेक्शन विद वेरियस सैगक्शन्ड़ ट्रेक वर्कस, **अनुमानित लागतः** 5631316.55, **बयाना लागतः** 112600.00, **टेंडर संख्याः** 121/2024 आर, **कार्य का विवरणः** जोन न0 6–कोटा एण्ड गुड़ला लबान सेक्शन – एसएसई (डब्ल्यू)(उत्तर) कोटा का कार्यक्षेत्र। 2024–2025, **अनुमानित लागतः** 9700000.00, **बयाना लागतः** 194000.00, **टेंडर संख्याः** 122/2024 आर, **कार्य का विवरणः** कन्सट्रेक्शन ऑफ टीटीएम स्टाफ रूम, टायलेट ब्लॉक, सीसी रोड़, रेल लेवल प्लेटफार्म एण्ड़ वाटरिंग अरेन्जमेंट एट वेरियर्स यार्ड ऑफ कोटा ड़िवीजन, **अनुमानित लागतः** 12953153.24, **बयाना लागतः** 214800.00, **उपरोक्त सभी निविदा में टेण्डर भरने की अंतिम तिथि एवं समयः** 26.07.2024 को 15.30 बजे पर। पूर्ण विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in पर अपलोड की गई ई.निविदा में तथा वरिष्ठ मण्डल इंजीनियर समन्वय पश्चिम मध्य रेलवे, कोटामण्डल रेल प्रबंधक कार्यालय की कार्यलेखा शाखा के नोटिस बोर्ड पर देखा जा सकता है। ऑफर सिर्फ ई.निविदा के माध्यम से ही स्वीकार किये जाऐंगे। ई.निविदा के अतिरिक्त किसी भी अन्य माध्यम से टेण्डर ऑफर स्वीकार नहीं किये जाऐंगे।

**वरिष्ठ मण्डल इंजीनियर (समन्वय), पमरे, कोटा**

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

## विधायक डॉ. गर्ग ने राज्य बजट की सराहना की

■ 'बजट से भरतपुर क्षेत्र के विकास में गति आएगी'

**भरतपुर** (निस)। पूर्व मंत्री व भरतपुर विधायक डॉ. सुभाष गर्ग ने राज्य बजट की सराहना करते हुये प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं वित्त मंत्री दिया कुमारी का आभार व्यक्त करते हुये कहा कि भरतपुर विधान सभा क्षेत्र के लिये उन्होंने एक हजार करोड रुपये से अधिक राशि से विकास कार्यों को बजट में शामिल किया है। जिससे क्षेत्र के विकास में निश्चय ही गति आयेगी और क्षेत्र का सर्वांगीण विकास होने के साथ ही रोजगार के भी अवसर बढेगे। उन्होंने भरतपुर विधान सभा क्षेत्र के बरसो से त्यौंगा तक करीब 200 करोड रुपये एवं लुधावई टोल से तुहिया तक 150 करोड रुपये बाईपास का निर्माण कराने का बजट में प्रावधान करने और हीरादास चौराहे से कुम्हेर गेट चौराहे तक 99 करोड 1 लाख, काली की बगीची से बिजली घर-आरबीएम हास्पीटल तक 194 करोड 73 लाख की राशि से आरओबी का निर्माण कराने का बजट में प्रावधान करने पर मुख्यमंत्री का धन्यवाद देते हुये कहा कि इनके निर्माण होने के बाद बार बार लगने वाले जाम की समस्याओं से क्षेत्र के लोगों को निजात मिलेगी। इसी प्रकार डॉ. गर्ग ने सैक्टर 13 और एसपीजेड कॉलोनी में करीब 7 करोड रुपये से सडकों का निर्माण कराने, 45 करोड रुपये की लागत से गिर्राज कैनाल का पुर्न उद्धार एवं सौन्दर्यकरण तथा सुजानगंगा नहर की डीपीआर बनवाने के अलावा किले की मरम्मत एवं गंगा मन्दिर का सौन्दर्यकरण कराने के लिये बजट प्रस्तावित करने पर भी खुशी जाहिर की है। इसके अलावा चम्बल पर आधारित पेयजल परियोजना को बजट में प्रस्तावित किया है। इससे निश्चय ही जिले की पेयजल की समस्या का समाधान हो सकेगा। विधायक डॉ. गर्ग ने केवलादेव उद्यान के पास करीब 5 करोड की लागत से ज्यूलोजिकल पार्क बनवाने के लिये, पार्कों के विकास एवं सौन्दर्यकरण को बजट में शामिल करने, आयुष्मान मॉडल सीएचसी खोलने के अलावा मेडीकल कॉलेज में 10 करोड की लागत से स्पाइनल इंजरी सेंटर बनाने, आरबीएम हॉस्पीटल में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार करने भरतपुर में फूड प्रोसेसिंग पार्क बनेगा।

## बजट में डीग को दी बड़ी सौगात

**डीग** (निस)। डीग जिला बनने के बाद अब शहर में बस स्टैंड की समस्या का समाधान होगा नए बजट में डीग जिले के लिए बहुत बड़ी सौगात राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, वित्त मंत्री दीया कुमारी व गृह राज्यमंत्री जवाहरसिंह बेढ़म का आभार जताते हुए बजट को स्वागत योग्य बताया। यह शब्द भाजपा नेता लखपत गुर्जर ने बुधवार को बजट प्रतिक्रिया पर व्यक्त किये। भाजपा नेता गुर्जर ने बताया कि 2024 के बजट में वित्त मंत्री दिया कुमारी ने डीग में बस स्टैंड बनाने की घोषणा की है।

घोषणा के बाद से ही शहर में लोगों में खुशी का माहौल है इसके अलावा डीग में यातायात व्यवस्था को सुधारने के लिए बाईपास का निर्माण किया जाएगा जो 16 किलोमीटर लंबा होगा इस पर 100 करोड रुपए खर्च होंगे। डीग नगर रोड से बेढम, अडावली, नगला भजना, हयातपुर होते हुए जटरी धाम तक 13 किलोमीटर लंबी सड़क बनाई जाएगी। इस पर 15 करोड रुपए खर्च होंगे साथ ही पहाड़ी से जुरहेरा तक 10 किलोमीटर लंबी सड़क पर 10 करोड रुपए खर्च होंगे। युवाओं के लिए नौकरी की घोषणा पर भी युवाओं में खुशी के लिए दौड़ गई ।

## जल भराव की समस्या का समाधान किया

■ नालों को पाट कर पक्का करने से जल भराव की समस्या समाप्त हुई

**गंगापुर सिटी** । सालौदा में अब आने वाले दिनों में सडक पर जलभराव की समस्या से काफी हद तक निजात मिलने की उम्मीद बंधी है। यहां नगर परिषद ने सडक के दोनों ओर बनाए गए फुटपाथ को बीच-बीच में तोडकर सफाई करवाने का काम शुरू कर दिया है। नगर परिषद के द्वारा शहर में फव्वारा चौक से उदेई मोड, सालौदा तक नालों को पाट दिया और पक्का कर फुटपाथ बना दिया था। इसके कारण नालों की पूरी तरह से सफाई नहीं हो पा रही थी। पिछले काफी समय से सालौदा में तो मुख्य सडक पर जलभराव की समस्या गंभीर बनी हुई थी और लोगों में जलभराव को लेकर आक्रोश बना था। पार्षद भी कई बार नालों की सफाई के साथ पानी की निकासी की मांग कर चुके थे, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो पाया। इस बार भी पार्षदों ने सफाई के साथ पानी निकासी की मांग की। पार्षदों की मांग पर नगर परिषद आयुक्त के निर्देश पर अब परिषद द्वारा सडक के दोनों ओर फुटपाथ को बीच बीच में तोडकर सफाई कार्य शुरू किया है। हालांकि नालों की सफाई तो हो जाएगी, लेकिन नाले सडक से ऊंचे है, ऐसे में सडक का पानी नालों में समाहित होगा और फिर यहां जलभराव नहीं होगा, इस पर संशय है। आयुक्त रिंकल गुप्ता का कहना है कि फिलहाल नालों की सफाई करवाई जा रही है, इसके बाद पानी निकासी की भी व्यवस्था की जाएगी। रही बात फुटपाथ की, तो परिषद नालों की सफाई के लिए बीच बीच में से इसे तोड रही है, सफाई के बाद फिर से तोडी हुई जगह को सही करवा नालों को ढंक दिया जाएगा।

आयुक्त के निर्देश पर एएसआई पिंटू राम मीणा, जमादार, सफाई निरीक्षक जमादार मौके पर पहुंचे और फुटपाथ को बीच बीच में तोडकर सफाई शुरु की। पार्षद विकास ठेकला, शिवहरी मीणा, विनोद गुप्ता ने बताया कि अब उनकी मांग पर नालों की सफाई कार्य शुरु हुआ है, उम्मीद है, यहां सडक पर पानी भरने की समस्या से निजात मिलेगी ।

## मिड डे मील का निरीक्षण

**गंगापुर सिटी** । कलक्टर डॉ. गौरव सैनी नेराजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, मच्छीपुरा में मिड डे मील का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलक्टर ने शिक्षण व्यवस्था की गुणवत्ता को भी जाँचा। कलक्टर ने बताया कि निरीक्षण का उद्देश्य विद्यालयों में छात्र-छात्राओं के लिए गुणवत्ता पूर्ण मिडडे भोजन मिले।

**पश्चिम मध्य रेल**

वरि. मंडल वाणिज्य प्रबंधक, कोटा मंडल, पश्चिम मध्य रेलवे ने कोटा मंडल में निम्नई–नीलामी आमंत्रित की है केटलॉग को IREPS वेबसाइट (ई–ऑक्शन) पर प्रकाशित किया गया है जिसका विवरण निम्न प्रकार से है: **केटलॉग सं.:** PMBJK-KOTA-24, **कार्य का नामः** कोटा रेलवे स्टेशन पर प्रधान मंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र की स्थापना एवं संचालन, **अनुबंध की अवधिः** 3 वर्ष, ई–नीलामी की तिथि और समयः 20.07.24 को 13:00 बजे, **केटलॉग सं.:** KOTA-ADVT-MISC, **कार्य का नामः** कोटा मंडल पर 85 स्टेशनों के 121 UTS/PRS काउंटरों पर Fare Display System (Dual Display System) की सप्लाई, स्थापना, संचालन एवं रखरखाव, **अनुबंध की अवधिः** 3 वर्ष, **ई–नीलामी की तिथि और समयः** 22.07.24 को 12:00 बजे, केटलॉग की विस्तृत जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

**वरि. मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पमरे, कोटा**

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

